प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 28 मार्च, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के माननीय वित्त मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय का नीलाम्बर-पीताम्बर, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं अनियमितता संबंधी जांच कराने हेतु आभार प्रकट किया।

उक्त अवसर पर उन्होंने जांच में दोषी पाए गए प्रभारी कुलसचिव, Dean Student Welfare, सी०सी०डी०सी० एवं Proctor आदि दोषी अधिकारियों पर शीघ्र कार्रवाई करने हेतु पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं अनियमितताओं संबंधी अन्य विषयों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने हेतु आग्रह किया।

उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी, 2025 को माननीय राज्यपाल महोदय के समक्ष श्री राधाकृष्ण किशोर, माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2025 को नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय,

पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता के संदर्भ में शिकायत की गई थी। राज्यपाल महोदय ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए 3 सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया, जो स्थल निरीक्षण कर विभिन्न विसंगतियों की जाँच कर राज्यपाल महोदय के समक्ष अपना प्रतिवेदन समर्पित किया। प्रतिवेदन के अनुसार, निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप नहीं पाया गया तथा संवेदक द्वारा निम्न गुणवत्ता का कार्य किया गया है।

उक्त अवसर पर माननीय वित्त मंत्री ने राज्यपाल महोदय को राज्य के 2024-25 के राजस्व संग्रहण एवं राज्य के विकास योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज नेशनल सीनियर फैलोशिप अवार्ड यूनियन ऑफ झारखण्ड के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की।

शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय को अवगत कराया कि नेशनल फैलोशिप अवार्ड भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता था, परंतु राज्य सरकार के स्तर पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। उनके द्वारा कहा गया कि राज्य सरकार केवल खेल-कूद को प्राथमिकता देती है, कला-संस्कृति के क्षेत्र को अपेक्षित समर्थन नहीं मिल पा रहा है। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से इस दिशा में आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज सहकार भारती के एक शिष्टमंडल ने राज्य महासचिव श्री धनंजय सिंह के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की।

शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से झारखंड में पृथक सहकारिता विभाग के गठन की आवश्यकता पर जोर देते हुए इस दिशा में आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। उन्होंने सहकारिता को सभी विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करने का भी आग्रह किया।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्री प्रफुल कुमार सरकार ने राज भवन में भेंट की। श्री प्रफुल सरकार ने राज्यपाल महोदय को अवगत कराया कि उनके पूज्य पिता स्व० नकुल चंद्र सरकार आज़ाद हिंद फौज के सदस्य थे और देश की आज़ादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है।

उन्होंने राज्यपाल महोदय से अपने स्वर्गीय पिता के नाम पर पेंशन एवं भूमि आवंटन, अपने पुत्र के लिए नौकरी तथा आर्थिक सहायता सुलभ कराने हेतु पहल करने का अनुरोध किया।

(5) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के माननीय वित्त मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय का नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं अनियमितता संबंधी जांच कराने हेतु आभार प्रकट किया।

उक्त अवसर पर उन्होंने जांच में दोषी पाए गए प्रभारी कुलसचिव, Dean Student Welfare, सी०सी०डी०सी० एवं Proctor आदि दोषी अधिकारियों पर शीघ्र कार्रवाई करने हेतु पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं अनियमितताओं संबंधी अन्य विषयों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने हेतु आग्रह किया।

उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी, 2025 को माननीय राज्यपाल महोदय के समक्ष श्री राधाकृष्ण किशोर, माननीय मंत्री, झारखण्ड सरकार द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2025 को नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय, पलामू के भवन निर्माण की गुणवत्ता के संदर्भ में शिकायत की गई थी। राज्यपाल महोदय ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए 3 सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया, जो स्थल निरीक्षण कर विभिन्न विसंगतियों की जाँच कर राज्यपाल महोदय के समक्ष अपना

प्रतिवेदन समर्पित किया। प्रतिवेदन के अनुसार, निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप नहीं पाया गया तथा संवेदक द्वारा निम्न गुणवत्ता का कार्य किया गया है।

उक्त अवसर पर माननीय वित्त मंत्री ने राज्यपाल महोदय को राज्य के 2024-25 के राजस्व संग्रहण एवं राज्य के विकास योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की।